**श्याम बिहारी जायसवाल**
मंत्री,
छत्तीसगढ़ शासन,
लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण,
चिकित्सा शिक्षा, पिछड़ा वर्ग एवं
अल्पसंख्यक विकास, बीस सूत्रीय
कार्यान्वयन विभाग

मंत्रालय : कक्ष क्र. – एम 2–11
दूरभाष : 0771–2221109
शासकीय निवास : C-2, शंकर नगर, केनाल लिंकिग रोड, रायपुर (छ.ग.)
दूरभाष : 0771–2436444 / 555
E-mail : shyambihari.jaiswal@cg.gov.in
निवास : ग्राम – रतनपुर, पोस्ट – तामडांड, तह. – खड़गवां, जिला – एमसीबी (छ.ग.) पिन कोड – 497449

अर्द्ध. शास. पत्र क्र. 2744 / 2025 दिनांक : 24 / 09 / 2025

## *–: शुभकामना संदेश :–*

विश्व फर्मासिस्ट दिवस, 25 सितम्बर 2025 के अवसर पर मैं सभी फर्मासिस्ट बंधुओं को हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित करता हूँ। फर्मासिस्ट स्वास्थ्य सेवाओं की मजबूत आधारशिला हैं। वे केवल दवाओं के प्रदाता नहीं, बल्कि जनस्वास्थ्य के प्रहरी और संरक्षक भी हैं। गुणवत्तापूर्ण एवं सुरक्षित दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना, रोगियों को सही परामर्श देना, दवाओं के प्रभाव एवं दुष्प्रभावों की जानकारी प्रदान करना और उपचार को अधिक प्रभावी बनाना–इन सभी क्षेत्रों में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

फर्मासिस्ट चिकित्सा विज्ञान और समाज के बीच सेतु का कार्य करते हैं। उनका दायित्व केवल औषधि वितरण तक सीमित नहीं है, बल्कि रोगी सुरक्षा, सामुदायिक स्वास्थ्य और जनजागरूकता तक विस्तृत है। आधुनिक अनुसंधान और वैज्ञानिक प्रगति को व्यवहारिक रूप देकर वे स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ, सुरक्षित और विश्वसनीय बनाते हैं। ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में दवाओं की पहुँच सुनिश्चित करने तथा सामुदायिक स्वास्थ्य अभियानों को सफल बनाने में उनका योगदान विशेष रूप से सराहनीय है।

हमारी अपेक्षा है कि फर्मासिस्ट अपनी निष्ठा, सेवा–भाव और दक्षता से समाज के प्रत्येक वर्ग तक स्वास्थ्य सुविधाएँ पहुँचाने में अग्रणी भूमिका निभाते रहेंगे। उनका समर्पण ही एक स्वस्थ, जागरूक और सुरक्षित समाज के निर्माण का आधार है।

विश्व फर्मासिस्ट दिवस की पुनः हार्दिक शुभकामनाएँ।

(श्याम बिहारी जायसवाल)